UNIT III Community Engagement

- Community Engagement - school, Family and community partnership.
- Government programmes for Education and development of literacy
- Role of School management committees, Teacher and Headmasters for community engagement.
- Parent engagement in school matters.
- Contemporary relevance of Nai Talim, work Education, Experiential learning and community engagement as per National curriculum framework (2005) RTE (2009) and NCFTE (2010)

Tasks And Assignments (anyone)
Analysis of National curriculum framework (2005) in relation to Nai Talim.

Dr Rashmi Sharma

- Analysis of NCFTE (2010)
- Analysis of RTE (2009)
- Critical analysis on any theme of course containing about 8 to 10 pages.

UNIT III — COMMUNITY ENGAGEMENT - 8।

'सामुदायिक सहभागिता,' दो शब्दों से मिल कर बना है समुदाय एवम् सहभागिता। समुदाय शब्द अंग्रेजी के 'community' का हिन्दी रूपान्तरण है, तथा समुदाय व्यक्तियों का वह समूह है जो समान हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है। इनमें एकता की भावना पाई जाती है, यह सेवा के कार्य भी करते हैं तथा शिक्षा के साधन के रूप में, व्यक्ति तथा सामुदायिक हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों की स्थापना करता है।

समुदाय व्यक्तियों की माँगों, मूल्यों एवं मान्यताओं के अनुरूप शिक्षा के उद्देश्य निर्धारित करता है तथा उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विद्यालयों को सहयोग एवम् संरक्षण प्रदान करता है। समुदाय निरक्षरता व अज्ञानता को दूर करने हेतु शिक्षा के अनौपचारिक साधनों - रेडियो, टी०वी०, आर्ट गैलरी- पुस्तकालय, अजायबघर, आदि को महत्व प्रदान करता है।

विभिन्न व्यवसायों को सिखाने के लिए व्यवसायिक शिक्षा का प्रबन्ध करता है।

"सहभागिता" शब्द से हमें विभिन्न समुदायों के आपसी तालमेल से किए गए कार्यों का बोध होता है। community engagement से हमारा आशय सामुदायिक व्यस्तता अथवा सहभागिता से ही है।

# Community Engagement and Community Partnership

## "सामुदायिक सहभागिता तथा सामुदायिक साझेदारी"

सामुदायिक साझेदारी, माता पिता, शिक्षक, विद्यालय एवं स्थानीय समुदायों की आपसी साझेदारी को दर्शाता है। इस साझेदारी के द्वारा बहुत सी गतिविधियाँ जैसे टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच, महामारी नियन्त्रण, आपदाओं, हिंसा, दंगों की घटनाओं का अध्ययन और इनसे राहत पाने के कार्यों का संचालन किया जाता है। बाल अधिकार एवम् शिक्षा के कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

सामुदायिक साझेदारी के प्रमुख अंग

विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता फैलाना है। छात्रों के लिए गाँव में स्कूल शिक्षा समिति के सदस्यों के आपसी तालमेल का प्रयास करना है। जलवायु परिवर्तन एवम् उसके खतरों से बचने के प्रयास करना है। स्वच्छता बायोमास, ऊर्जा और सौर ऊर्जा उत्पादन के साधनों आदि का अध्ययन करना एवम् जागरूकता फैलाना है। वनमहोत्सवों, पौधा रोपण कार्यक्रमों के विद्यालय पाठ्यक्रम में स्थान दिया जाता है। विद्यालय एवम् गाँवों की जल निकासी प्रणाली एवम् छात्रों और ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी आदतों का अध्ययन करके संबंधित प्राधिकारियों को रिपोर्ट देना है।

इस प्रकार सामुदायिक साझेदारी द्वारा कार्यशिक्षा को बल मिलता है। कार्य शिक्षा द्वारा छात्रों को आवश्यक कौशल दिया जाता है। विद्यालयों को NGOs के साथ भागीदारी द्वारा नेटवर्किंग, संसाधन समाधान तथा सम्बन्धों को सुविधाजनक बनाने में सहयोग प्राप्त होता है।

MEANING – अर्थ

" सामुदायिक व्यस्तता • Community –
consept तथा सामुदायिक सहभागिता – Engagement

गाँवो को सुरक्षित स्वच्छता प्रथाओं को अपनाने और खुले में शौच को खत्म करने के विषय में चर्चा करना महिलाओं, बच्चों, युवाओं समूहो, राय निर्माताओं को शामिल करना। व्यवहार परिवर्तन को बनाए रखने में निरंतर प्रयास करना ओडीएफ स्थिति की उपलब्धि के बाद भी गाँव से जुड़ाव रखना।

सामुदायिक रेडियो द्वारा सामुदायिक व्यस्तता को समझा जा सकता है। रेडियो सेवा का एक प्रकार सामुदायिक रेडियो जो वाणिज्यिक और सार्वजनिक सेवा से परे रेडियो प्रसारण का एक तीसरा मॉडल प्रदान करता है। समुदाय स्टेशन भौगोलिक समुदायों और अभिरूचियों ~~और अभिरूचि के~~ समुदायों की सेवा कर सकते है। वे ऐसी सामग्री का प्रसारण करते हैं जो कि किन्ही स्थानीय / विशिष्ट श्रोताओं में लोकप्रिय है जिनकी अनदेखी वाणिज्यिक या जन-माध्यम प्रसारकों द्वारा की जा सकती है सामुदायिक रेडियो स्टेशन ऐसे समुदायों द्वारा संचालित और संचालित होते है और उनका स्वामित्व भी उनका ही होता है जिनके लिए वे प्रदान करते है। सामुदायिक रेडियो लाभ कमाने के लिए नहीं होते और यह व्यक्ति विशेष समूह और समुदायों की अपनी विविध कहानियों

को कहते, अनुभवों को बांटने की प्रक्रिया के अन्तर्गत है और संचार माध्यम से संपन्न दुनिया सक्रिय सत्ता और संचार माध्यम के सहयोगी दुनिया के कई हिस्सों में, स्वयंसेवी क्षेत्र, नागरिक समाज, एजेंसियों, गैर-सरकारी संगठनों और नागरिकों के लिए सामुदायिक रेडियो और अधिक सामुदायिक विकास तथा प्रसारण उद्देश्यों के कार्य में भागीदारी के माध्यम रूप में काम करता है।

फ्रांस, अर्जेंटीना, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड जैसे कई देशों में एक विशिष्ट प्रसारण क्षेत्र के रूप में सामुदायिक रेडियो की महत्व कानूनी परिभाषा की गयी है। परिभाषा के भाग के रूप में ज्यादातर कानूनों में सामाजिक लाभ, सामाजिक उद्देश्य, सामाजिक प्राप्ति जैसे वाक्यों शामिल किये गये हैं।

परिभाषा :- समाजिक व्यस्तता एक ऐसी प्रक्रिया जो संवादों, आपसी व्यवहारों, बातचीत और संवादों के आपसी लेन-देन को प्रकट करते एक समुदाय एवम् संस्था के आपसी सम्बन्ध तथा क्रिया कलाप को सामाजिक व्यस्तता कहते हैं। सामाजिक व्यस्तता दो शब्दों से मिल कर बना है समाज तथा व्यस्तता